<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में सशस्त्र सैन्य समारोह का किया शुभारंभः कहा– सशस्त्र बल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नींव भी।
- 25 लाख दीयों से जगमग होगी रामनगरी, अयोध्या में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा चार दिवसीय भव्य दीपोत्सव।
- तराई क्षेत्र में भेड़ियों को पकड़ने का सर्च अभियान जारी, पकड़ने में विफल रहने पर प्रदेश सरकार ने भेड़ियों को मारने के दिए आदेश।
- समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेता अपर्णा यादव उत्तर प्रदेश महिला आयोग की बनीं उपाध्यक्ष और बबीता चौहान को अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के सूर्या खेल परिसर में तीन दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बल केवल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नींव है। हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बिना देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। यह सशस्त्र सैन्य समारोह हमारे समाज और युवा पीढ़ी को एक नई प्रेरणा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ा है। बाइट.....(8)

***दस वर्ष के अंदर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ा है। फरवरी दो हजार अट्ठारह में लखनऊ में आयोजित इन्वेस्टर समिट में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश के अंदर दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी उसमें से एक उत्तर प्रदेश में छह नोट पार्क स्थापित हो रहा है। प्रदेश सरकार ने इन छह के छह नोट पार्क रक्षा मंत्रालय के साथ बेहतरीन तालमेल स्थापित करते हुए कार्य को आगे बढ़ाया है। इन परियोजनाओं से देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बल मिलेगा।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का लोहा दुश्मनों को मनवाया है। 5 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस समारोह में नवीनतम सैन्य उपकरण देखे जा सकते हैं। प्रवेश सभी के लिए निःशुल्क है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मैनपुरी में 361 करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न लोक–कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि के हस्तांतरण के साथ ही ऋण, अनुदान राशि और विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट भी वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नया उत्तर प्रदेश विकास एवं सुरक्षा के नित नए मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। मैनपुरी की पहचान ऋषियों और स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है और प्रदेश सरकार मैनपुरी के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने मैनपुरी में मिनी ग्रामीण स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की।(लखनऊ समाचार/डेस्क)

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत सदस्यता ग्रहण की और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम से जुड़कर सबसे अधिक साधारण और सक्रिय सदस्य बनाने के टारगेट को पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। देश सर्वोपरि का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता कह सकता है कि उसके लिए दल से बढ़कर देश है।

**********

अयोध्या में रामलला के श्रीविग्रह की स्थापना के बाद इस वर्ष दीपावली पर आयोजित होने वाला दीपोत्सव और भी दिव्य एवं भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस बार चार दिनों का भव्य दीपोत्सव 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस वर्ष 8वें दीपोत्सव में राम की पैड़ी, नया घाट सहित अयोध्या के विभिन्न घाटों को 25 लाख से ज्यादा दीयों से सजाया जाएगा। इसके लिए इंटेलिजेंट डायनेमिक कलर चेंजिंग एलईडी डेकोरेटिव पैनल्स और मल्टीमीडिया प्रोडक्शन सहित विभिन्न प्रकार की आधुनिक लाइटिंग का प्रयोग होगा। दीपोत्सव के दौरान लेजर शो, आर्टिस्टिकली कोरियोग्राफ्ड फायरक्रैकर शो के साथ ही विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन होंगे। चार दिनों तक दीपोत्सव के दौरान 100 से ज्यादा कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।(लखनऊ समाचार/डेस्क)

**********

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद अब 10 और 11 सितम्बर को राधा अष्टमी बरसाना में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी, जिसमें 25 लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना है। 10 सितंबर से 11 सितंबर की सुबह 5 बजे तक बरसाना स्थित राधा रानी मंदिर में राधा रानी के जन्मोत्सव की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में हुई बैठक में तय हुआ कि जन्मोत्सव के अभिषेक दर्शन 11 सितंबर की सुबह चार से पांच बजे तक होंगे। व्यवस्था की दृष्टि से मेला क्षेत्र को 7 जोन और 16 सेक्टर में बांटा जाएगा।

**********

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेता अपर्णा यादव को उत्तर प्रदेश महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कल बबीता चौहान को उत्तर प्रदेश महिला आयोग का अध्यक्ष और चारू चौधरी तथा अपर्णा यादव को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। मुलायम सिंह की बहू अपर्णा यादव जनवरी 2022 में भाजपा में शामिल हुई थीं।

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य के तराई क्षेत्र के जिलों में लोगों, विशेषकर बच्चों पर हमला करने वाले भेड़ियों को मारने के आदेश दिए हैं। पीलीभीत जिले में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि सरकार ने आदेश जारी कर दिया है कि अगर वन विभाग की टीमें भेड़ियों को पकड़ने में विफल रहती हैं तो उन्हें मार दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार भेड़ियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन अगर हम अब तक ऐसा नहीं कर पाए तो अब हमें यह कदम उठाना पड़ेगा। वन विभाग की टीमों ने ड्रोन कैमरों के जरिए कैद किए गए छह भेड़ियों में से चार को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। बाकी दो भेड़ियों की तलाश में 20 से ज्यादा टीमें लगायी गयी है जो बहराइच लखीमपुर खीरी और दूसरे प्रभावित इलाकों के जंगलों में सर्च अभियान चला रही हैं। उधर, बहराइच के महसी गांव में आदमखोर भेड़िये के खौफ से आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि वन विभाग की टीमें भेड़िये को पकड़ने में लगी हुई हैं। कई जगहों पर जाल लगाए गए हैं, वहीं कांबिंग करते हुए पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

एडीजी गोरखपुर जोन डॉ0 के एस प्रताप ने बताया कि वन विभाग की ओर से भेड़ियों को पकड़ने के लिए पूरे क्षेत्र को सात टीमों में बांटा गया है। दो कंपनी पीएसी भी गश्त कर रही है।

**********

मरीजों की सुविधा के लिए वाराणसी में लैब मित्र नाम से शुरू की गई पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद अब इसे मॉडल के रूप में प्रदेश की सभी लैब में लागू करने का निर्णय लिया गया है।

काशी में ये सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों सहित 20 अस्पतालों में प्रदान की जा रही है और अब तक 2.5 लाख से ज्यादा मरीज इसका फायदा उठा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा एक निजी बैंक और एनजीओ की मदद से शुरू हुए लैब मित्र पोर्टल के जरिए सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को डॉक्टर के पर्ची के मुताबिक लैब टेस्ट के लिए पंजीकृत किया जाता है। परीक्षण के बाद, सिस्टम एक ऑनलाइन रिपोर्ट तैयार करता है जिसे मरीज के फोन नंबर पर एक लिंक के रूप में भेजा जाता है। .इस लिंक पर क्लिक करके मरीज सीएचसी में चार घंटे की जांच और सरकारी अस्पताल में 12 घंटे की जांच के बाद अपनी पूरी लैब टेस्ट रिपोर्ट प्राप्त कर सकता है।

**********

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कल महाकुंभ की तैयारियों के सम्बन्ध में वचुर्अल बैठक की। श्री शर्मा ने कहा कि महाकुंभ को दिव्य, भव्य, सुरक्षित, सुगम और स्वच्छ रूप से आयोजित करने के लिए सभी संबंधित विभाग दीपावली से पहले अपने निर्धारित कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था के लिए अभी से कार्य योजना बनाकर कार्य शुरू कर दें।

**********